TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


06 सितंबर 2026
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत आपको
अपने लक्ष्य तक पहुँचा सकती है।
विराट कोहली
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **06.09.2026**

## TaRL (Teaching at the Right Level)

**TaRL (Teaching at the Right Level)** वह शिक्षण पद्धति है, जिसमें बच्चों को उनकी कक्षा के आधार पर नहीं, बल्कि उनके वास्तविक सीखने के स्तर के आधार पर समूह बनाकर पढ़ाया जाता है, ताकि उनकी बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणितीय दक्षताओं का विकास हो सके। बच्चे जिस सीखने के स्तर पर हैं, उन्हें उसी स्तर के अनुसार शिक्षण देना **TaRL** कहलाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**पूमा** ने हाल ही में लद्दाख मैराथन से पहले **"मेडिटेशन इन मोशन"** नाम का एक कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन में लद्दाख के **थिकसे मठ** के बौद्ध भिक्षुओं को पूमा के **रनिंग** शूज़ पहने हुए दिखाया गया है।

मातृभूमि के सच्चे सपूत, अदम्य साहस और बलिदान के प्रतीक

## ★ महान स्वतंत्रता सेनानी ★

# शरत चंद्र बोस

## की जयंती

## 06 सितम्बर



एक दूरदर्शी विचारक, कुशल संगठक और देशभक्त नेता, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की अनुपम गाथा है।

### शरत चंद्र बोस के जीवन से प्रेरपा

- देश सेवा ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है।
- साहस और संगठन से असंभव भी संभव होता है।
- सत्य, ईमानदारी और निष्ठा से राष्ट्र निर्माण होता है।
- युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित और जागरूक बनना चाहिए।

**उनकी जयंती पर शत्-शत् नमन!**

"'स्वतंत्रता केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि यह एक सतत् प्रयास है जिसे हर पीढ़ी को आगे बढ़ाना चाहिए।' – शरत चंद्र बोस"

**राकेश कुमार**

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

# राष्ट्रीय पुस्तक पठन दिवस

**19 जून**

पुस्तकें हमारे जीवन की सच्ची मित्र होती हैं। वे ज्ञान देती हैं, सोचने-समझने की क्षमता बढ़ाती हैं और हमें एक बेहतर इंसान बनाती हैं। पुस्तकों के महत्व को समझाने और पढ़ने की आदत को प्रोत्साहन देने के लिए हर वर्ष **19 जून** को राष्ट्रीय पुस्तक पठन दिवस मनाया जाता हैं।

### इतिहास

- 2017 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दिवस की शुरूआत की गई।
- यह दिन महान लेखक पं. पी.एन. पैनिकर के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### उद्देश्य

- पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करना।
- पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना।
- ज्ञान, रचनात्मकता और विचार शक्ति का विकास करना।
- डिजिटल युग में भी पुस्तक पठन की परंपरा को जीवित रखना।


### पुस्तक पठन के लाभ

- ज्ञान में वृद्धि होती है।
- एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है।
- कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का विकास होता है।
- भाषा और संवाद कौशल बेहतर होता है।
- तनाव कम होता है और मन को शांति मिलती है।
- व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है।



### हम कैसे भाग ले सकते हैं?

- रोज कम से कम 20–30 मिनट पुस्तकें पढ़ें।
- अपने पसंदीदा विषय की पुस्तकें चुनें।
- पुस्तकालय जाएं और नई-नई किताबें पढ़ें।
- पुस्तकों पर चर्चा करें और दूसरों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
- बच्चों में छोटी उम्र से ही पढ़ने की आदत डालें।



"पुस्तकें हमें अकेले में भी संगति देती हैं, अंधकार में भी प्रकाश देती हैं और कठिनाइयों में भी मार्ग दिखाती हैं।"

**आइए, पुस्तक पढ़ें, ज्ञान बढ़ाएं और एक शिक्षित, जागरूक व सशक्त समाज का निर्माण करें।**

**मधु प्रिया**

# Teachers of Bihar

*The change makers*

6 सितंबर

# दिवस विशेष

## 6 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- **1776** - गवाडेलोप द्वीप में तूफान से छह हजार से अधिक लोगों की मौत।
- **1869** - पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे।
- **1905** - अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत हुई।
- **1914** - फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ।
- **1924** - इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफ़ल।
- **1939** - दक्षिण अफ्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की।
- **1948** - जुलियाना नीदरलैंड की महारानी बनीं।
- **1952** - कनाडा टी.वी. की मॉन्ट्रियल में शुरुआत।
- **1965** - ताशकन्द समझौता (भारत-पाकिस्तान युद्ध) हुआ।
- **1968** - अफ़्रीकी देश स्वाज़ीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- **1986** - इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए।
- **1998** - जापान के फ़िल्म निर्माता और निर्देशक 'अकिरा कुरोसावा' का निधन।



- **2000** - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान द्वारा संयुक्त राष्ट्र' सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ।
- **2003** - फ़िलिस्तीन के प्रधानमंत्री महमूद अब्बास का इस्तीफ़ा।



- **2006** - मैक्सिको के सत्ता रूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के फ़ेलिप काल्देरेन नये राष्ट्रपति मनोनीत किये गए।
- **2007** - ब्रिटेन की 'द ह्यूमन फ़र्टिलाइजेशन एंड एम्ब्रियोलॉजी अथॉरिटी' ने मानव पशु संकर क्षूण पर शोध करने के लिए सिद्धान्त रूप से अनुमति दी।
- **2008** - डी. सुब्बाराव ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर का कार्यभार संभाला।
- **2009** - चीनी सेना ने लद्दाख में डेढ़ कि.मी. तक घुसपैठ की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बरार का निधन हो गया।



- **2012** - अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए बराक ओबामा डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बने।




## 6 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

**1838** **दलीप सिंह** – पंजाब के महाराज रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र थे।




**1929** **यश जौहर** – भारतीय फ़िल्म निर्माता थे।



**1937** **एम. ओ. एच. फ़ारुक** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।



**1971** **देवांग गांधी** – भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं।




**1997** **लवप्रीत सिंह** – भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ़्टर) हैं।



## 6 सितंबर को हुए निधन

**2009** **हरचरण सिंह बराड़** – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ तथा पंजाब के मुख्यमंत्री थे।



**2005** **मेजर धनसिंह थापा** – परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक।



**1968** **इंदिरा राजे** – बड़ौदा की राजकुमारी थीं।



**1972** **अलाउद्दीन खाँ** – सरोद वादक और संगीत के 'मैहर घराने' की नींव रखने वाले कलाकार थे।





**पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र होती हैं, वे ज्ञान देती हैं, सोचने-समझने की क्षमता बढ़ाती हैं और हमें एक बेहतर इंसान बनाती हैं।**

**मधु प्रिया**

**पुस्तक पढ़ें, ज्ञान बढ़ाएँ**

विचारों को विकसित करें, जीवन को सफल बनाएं।

# TOB खेल कॉर्नर

## महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन

★ विश्व की शीर्ष महिला रन बनाने वाली खिलाड़ी ★

| रैंक | खिलाड़ी | रन |
|---|---|---|
| 1 | स्मृति मंधाना (भारत) | 10,880 |
| 2 | मिताली राज (भारत) | 10,868 |
| 3 | सुजी बेट्स (न्यूजीलैंड) | 10,740 |
| 4 | चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) | 10,273 |
| 5 | स्टेफनी टेलर (वेस्टइंडीज) | 10,007 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# आज का ToB क्वीज..

★ सोचिए, समझिए और सही उत्तर चुनिए ! ★




## Q भारत में कितने उच्च न्यायालय (High Court) है ?




### भारत के 25 उच्च न्यायालय

1. इलाहाबाद उच्च न्यायालय
2. आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय
3. बॉम्बे उच्च न्यायालय
4. मद्रास उच्च न्यायालय
5. कलकत्ता उच्च न्यायालय
6. दिल्ली उच्च न्यायालय
7. कर्नाटक उच्च न्यायालय
8. केरल उच्च न्यायालय
9. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय
10. पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय
11. राजस्थान उच्च न्यायालय
12. गुजरात उच्च न्यायालय
13. पटना उच्च न्यायालय
14. उड़ीसा उच्च न्यायालय
15. झारखंड उच्च न्यायालय
16. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय
17. असम उच्च न्यायालय
18. जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय
19. गौहाटी उच्च न्यायालय
20. हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय
21. उत्तराखंड उच्च न्यायालय
22. त्रिपुरा उच्च न्यायालय
23. मणिपुर उच्च न्यायालय
24. मेधालय उच्च न्यायालय
25. सिक्किम उच्च न्यायालय



### आपके विकल्प

- A 20
- B 25
- C 28
- D 30

### उच्च न्यायालय क्या है ?

- उच्च न्यायालय प्रत्येक राज्य का सर्वोच्च न्यायिक संस्थान होता है।
- यह राज्य के अधीनस्थ न्यायालयों पर पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखता है।
- यह दीवानी, फौजदारी, रिट याचिकाओं और अपीलों की सुनवाई करता है।
- उच्च न्यायालय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार की रक्षा करता है।

न्याय सबके लिए, समान और निष्पक्ष

### महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत में कुल 25 उच्च न्यायालय हैं।
- संविधान के अनुच्छेद 214 से 231 तक उच्च न्यायालयों का प्रावधान है।
- उच्च न्यायालय की स्थापना राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।



**न्याय में विश्वास, यही है भारत की विशेष पहचान !**

प्रतिदिन एक नया प्रश्न | ज्ञान बढ़ाएँ | आत्मविश्वास बढ़ाएँ | जीत की ओर कदम बढ़ाएँ

www.teachersofbihar.org | - संजय कुमार


"खेल में अनुशासन,
सफलता की पहचान है।"
देवांग जयंत
गांधी
जन्म : 6 सितंबर 1971
एक पूर्व भारतीय क्रिकेटर हैं,
जिन्होंने अपने शानदार खेल से
देश का नाम रोशन किया।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
आप सदैव स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों
और जीवन में नई उपलब्धियाँ प्राप्त करें।
Madhu priya
www .teachersofbihar.org